नकली नोट छापने वाले गिरोह का पर्दाफाश, 4.73 लाख के नकली नोटों के साथ 2 गिरफ्तार

GAYA: गया में नकली नोट छापने की मशीन के साथ दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। बताया जाता है कि 6 महीने ये लोग नकली नोट छापने में लगे हुए थे। चेरकी थाना क्षेत्र के कुरवामा गांव में छापेमारी कर पुलिस ने भारी मात्रा में नकली नोट बरामद किया है।

पुलिस ने कुरवांमा गांव से 4 लाख 73 हजार रुपया बरामद किया है। इसमें पांच सौ, दो सौ, एक सौ और पचास रुपया का नकली नोट शामिल है। पुलिस ने नकली नोट बनाने के उपकरण को भी बरामद किया है। मामले में चेरकी थाना प्रभारी एसके गुप्ता ने बताया कि कुरमावां गांव में नकली नोट छापे जाने की गुप्त सूचना पुलिस को मिली थी।

Source: https://firstbihar.com/news/nakali-note-chapne-wale-giroh-ka-bhandafor-146596